# एसटी, एससी एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण प्रतिशत के सुझाव हेतु उप-समिति के गठन की स्वीकृति

## चर्चा में क्यों?

20 अगस्त, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में एसटी, एससी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनु.-1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनु.-2) के आरक्षण के प्रतिशत पर विचार-विमर्श कर सुझाव देने के लिये उप-समिति गठित करने के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी।

## प्रमुख बिंदु

- झारखंड सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान सरकार राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही है। इसके लिये एक उप-समिति का गठन किया जाएगा।
- यह उच्चस्तरीय उप-समिति झारखंड में एसटी, एससी एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा को बढ़ाने के संबंध में हर बिंदु पर नज़र रखते हुए विचार-विमर्श कर अपना सुझाव राज्य सरकार को देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-formation-of-sub-committee-to-suggest-reservation-percentage-for-st,-sc-and-backward-classes